तृतीय सोपान शिविर का समापन

ब्यावर, (निसं) राजस्थान राज्य भारत स्काउट वर गाइड स्थानीय संघ जवाजा का तृतीय सोपान कब,बुलबुल,हिरक पंख,स्काउट गाइड तृतीय सोपान , रोवर रेंजर निपुण शिविर महात्मा गांधी विद्यालय जवाजा में आयोजित किया गया। प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर ताराचंद जागिड़ ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन जवाजा के उप प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रजापति ने ध्वजारोहण किया।

शिविर संचालक रतन सिंह चौहान ने बताया की तृतीय सोपान शिविर में स्थानीय संघ के 11 विद्यालयों के कुल 150 स्काउट गाइड ने भाग लिया । सुरेश फुलवारी ने बताया की शिविर में स्काउट गाइड ने नियम, प्रतिज्ञा, झण्डा गीत,स्काउट प्रार्थना, सीटी के संकेत,हाथ के इशारे,गांठ लगाना,गैजेट बनाना,अनुमान लगाना, प्राथमिक सहायता और विभिन्न सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक स्काउट कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त किया और परीक्षा भी दी। स्काउटर रामचन्द्र शर्मा,विशाल दीप उदय,मोहन सिंह चौहान,मुरली मनोहर जाटव, चंपालाल नागर,मनीष व्यास,सुरेश वर्मा , गाइडर रेनू सेन,दीपिका सोनगरा,पूजा और संगीता कुमारी दक्ष प्रशिक्षक के रूप सेवाए दे रहे थे। समापन समारोह के मुख्य अथिति ताराचन्द जांगिड़ ने ध्वजा अवतरण कर शिविर के समापन की घोषणा की।

टीबी अस्पताल की पार्किंग में मरीज ने तोड़ा दम

परिजन ने चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप

अजमेर, (कासं)। अजमेर संभाग के सबसे बडे जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के टीबी वार्ड की पार्किंग में एक मरीज की इलाज के अभाव में मौत होने का मामला सामने आया है। परिजन ने अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने परिजन से समझाइश कर पूछताछ की।

अस्पताल परिसर में बैठे परिजनों से जानकारी जुटाती पुलिस।

- **सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने परिजन से समझाइश कर पूछताछ की**

टीवी अस्पताल में इलाज के लिए आए बांदनवाड़ा निवासी मृतक के परिजन व रिश्तेदार रामानंद ने बताया कि रामलाल भील की तबीयत अचानक खराब हो गई थी और रामलाल को उल्टियां होने लगी थीं। परिजन तुरंत जेएलएन अस्पताल के आपातकालीन विभाग में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें टीबी से पीडित् बताया, बाद में रामलाल को टीबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने बिना इलाज के ही उन्हें वापस भेज दिया गया। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय पर उचित इलाज मिलता, तो रामलाल की जान बच सकती थी। इस घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

परिजन ने बताया कि मरीज रामलाल को लेकर टीबी अस्पताल पहुंचे थे, यहां रात होने की वजह से चिकित्सक नहीं मिले। परिजन ने वहां मौजूद नर्सिंग स्टाफ से चिकित्सकों से उपचार के लिए गुहार लगाई, बड़ी मिन्नत के बाद चिकित्सक आए, लेकिन दो शीशी दवा की देकर कहा कि सोमवार सुबह 9 बजे आना। उन्होंने आरोप लगाया कि मृतक की जान बच जाती, लेकिन चिकित्सकों ने न तो उपचार किया और न ही अस्पताल में भर्ती किया। वहीं मामले को लेकर अस्पताल अधीक्षक अरविंद खरे ने कहा कि मामले में जांच करवाई जा रही है।

पुलिस की समझाइश पर माने परिजन:- सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस सोमवार सुबह टीबी अस्पताल पहुंची और जानकारी लेते हुए परिजनों से समझाइश की। परिजन व रिश्तेदारों ने चिकित्सक और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते उचित कार्रवाई की मांग की। कुछ देर बाद पुलिस की समझाइश के बाद परिवार बिना पोस्टमार्टम शव लेकर रवाना हो गया। हालांकि परिजनों ने मामले में प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है जिससे कि इस तरह की पुनरावृत्ति न हो।

संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन

अजमेर, (कासं)। चन्दवरदाई नगर सियाराम नगर स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को श्रीराम परिवार, श्री खाटू श्याम बाबा व श्री सीतला माता की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धार्मिक आयोजनों के साथ संपन्न हुआ।

हरि ओम कॉलोनी विकास समिति के मीडिया प्रभारी रमेश लालवानी ने बताया कि श्री सर्वेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में हरि ओम कॉलोनी विकास समिति के भागचन्द गोयल के संयोजन में बाबा खाटू श्याम की विशाल निशान यात्रा, कलश यात्रा का आयोजन किया गया। संगीतमय सुन्दर कांड के पाठ के अवसर पर श्री आदिनाथ ग्रुप द्वारा सुंदर का पाठ किया, इस अवसर पर बताया कि श्रीराम को 14 वर्ष तक बनवास जाने का कारण श्रीराम के पिता राजा दशरथ को श्रवण कुमार के माता पिता के द्वारा दिए गए विछो के श्राप के कारण जाना पड़ा था। सोमवार को प्रातः मन्दिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हवन यज्ञ में 11 जोड़ों ने सामग्री की आहूति प्रदान की। दोपहर में लंगर का आयोजन हुआ, जिसको श्रद्धालुओं ने लाभ लिया। इस अवसर पर हरीश गोयल, जतिन गोयल, भागचन्द गोयल, महावीर सेन, जेठवानी सहित अन्य ने सेवाएं दी।

सार-समाचार

बाहेती ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

अजमेर, (कासं)। पूर्व विधायक श्रीगोपाल बाहेती ने सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल को पत्र लिखकर एडीए द्वारा तोडी गई गुमटियों के मामले से अवगत करवाया है। बाहेती ने पत्र में लिखा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सन 2003 में बेरोजगारों को रोजगार के लिए शहर के चौराहों व मुख्य सडकों पर गुमटिया आवंटित की थी जिससे कई परिवारों के घर का चूल्हा जल रहा था। अब अजमेर विकास प्राधिकरण सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण के नाम पर इन गुमटियों को हटा हजारों को बेरोजगार कर रहा है। बाहेती ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि यदि गुमटियों को हटाना आवश्यक है तो इन्हे अन्यत्र स्थान पर गुमटियां दी जाए।

हादसे में युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थानाक्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 जुलाई को पाली हाल उदयपुर निवासी यश पुत्र सोहनलाल परिहार की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। यश एलन स्कूल का छात्र था एवं बाइक पर अपनी बहन से मिल कर वापस लौट रहा था। जहां बीच रास्ते प्रतापरनगर पेसिफिक के समीप सर्विस रोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। हेडकांस्टेबल देवेन्द्रसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

उपचार के दौरान तोड़ा दम

उदयपुर,(कासं)। चूल्हे में गिरने से झुलसे बालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को खेरवाड़ा थाना क्षैत्र उपला मगरा झलपका निवासी अठारह माह के विजय पुत्र शंभूलाल दामा की झुलसने से मौत हो गई। रविवार सवेरे उसकी मां पिंकी चूल्हे पर काम कर रही थी। इसी दौरान फसल में बंदर आने की सूचना पर वह विजय को छोड़ खेत की तरफ भागी। इस दौरान विजय खेलीते हुए खेलते-खेलते चूल्हें में जा गिरा। जिससे वह झुलस गया। इसको देख परिजन उसे उपचार के लिए एमबी चिक्तिसालय ले गए। जहां उसकी मौत हो गई।

लूट का आरोपी दबोचा

उदयपुर,(कासं)। कोटडा थाना पुलिस ने दो माह पूर्व लूट की वारदात करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड के सुपरविजन में कोटडा थानाधिकारी अशोकसिंह चंपावत के नेतृत्व में गठित दल ने दो माह पूर्व हुई लूट की वारदात के मामले में दर्ज प्रकरण संख्या 81/2024 की वारदात करने के मामले में फरार आरोपी मौजा उपलाथला में दबीश देकर मुख्य आरोपी किशनलाल पुत्र रेशा खैर निवासी उपलाथला कोटडा को गिरफ्तार किया।

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का हुआ आयोजन

अजमेर, (कासं)। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव समिति श्री अग्रवाल पंचायत मारवाडी धड़ा जनकपुरी गंज के तत्वावधान में चल रहे भगवान जगन्नाथ के रथयात्रा महोत्सव में सोमवार को रंगीलो फाग उत्सव का आयोजन हुआ, इस अवसर पर झांकियां भी सजाई गई। एक शाम बांके बिहारी के नाम भजन संध्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं झूम उठे। महोत्सव में भगवान जगन्नाथ महात्म्य कथा वाचक हरीश चंद्र व्यास ने प्रवचन देते हुए कहा, जब रथ यात्रा महोत्सव का समापन हों जाता है। तब जगन्नाथ देव के मूल मंदिर में रथ यात्रा उल्टा रथ जाता है। रथयात्रा के साथ हजारों श्रद्धालु भजन व कीर्तन करते हुए साथ चलते है। मनुष्य को अपने कल्याण के लिए प्रभु की भक्ति साधना जरूर करनी चाहिए।

रंगीलो फाग उत्सव में सजी झांकियां:- मेला संयोजक संजय कंदोई व राकेश डिडवानिया ने बताया कि भव्य पांडाल में सोमवार शमा को रंगीला फाग उत्सव मनाया गया, अजमेर से भजन गायक विमल गर्ग एंड पार्टी अपनी प्रस्तुति दी। दिल्ली से आई बंटी एंड पार्टी की ओर से आकर्षिक झांकियां सजाई गई।

भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु:- एक शाम बांके बिहारी के नाम भजन संध्या में दिल्ली से आए भजन गायिका निकुंज कामरा और गायिका आयुषी गंभीर, उनके 14 साथी गायक कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरते हुए एक से बढकर एक भजन गाकर समां बांध दिया।

दादाबाड़ी में दादा मेला आज से

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छाचार्य तीर्थ श्री जिनदत्तसूरि दादाबाड़ी में मंगलवार से 02 दिवसीय दादा मेला साध्वी मनोहर श्रीजी महारासा के सानिध्य में शुरू होगा।श्री जिनदत्तसूरि मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र लूणिया ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 10.45 बजे ध्वजारोहण के साथ विधिवत दादा मेला प्रारम्भ होगा जिसके मुख्य अतिथि डॉ. दलवीर सिंह ढढ्ढा (आर.ए.एस.) होंगे।

अध्यक्षता रतनलाल कांकरिया, विशिष्ट अतिथि महेन्द्र कोठारी, नीरज जैन उप महापौर, विजय जैन (शहर कांग्रेस अध्यक्ष) होंगे। मंडल मंत्री जयदीप पारख ने बताया कि मंगलवार रात्रि 08 बजे से दादागुरूदेव का भव्य रात्रि जागरण होगा जिसमें इन्दौर से लवेश बुरड़ एण्ड पार्टी व जयपुर से डॉ. सीमा दपतरी भजनों की प्रस्तुति देंगे।

गीत गजल और कविताओं से सजी साहित्य धारा

अजमेर, (कासं)। अजयमेरु प्रेस क्लब की मासिक साहित्यिक गोष्ठी साहित्यधारा, रविवार को क्लब के सभागार में आयोजित की गई। इस बार की काव्य गोष्ठी विशिष्ट गोष्ठी के रूप में आयोजित की गई जिसमे अजमेर के प्रबुद्ध साहित्यकारों के सहित प्रदेश के अनेक वरिष्ठ साहित्यकारों ने भी शिरकत की। गोष्ठी में जहां शहर के अनेक प्रबुद्ध साहित्यकारों ने अपनी एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत की वहीं गोष्ठी में विशेष रूप से आमंत्रित अनेक वरिष्ठ साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को नई ऊंचाईयां प्रदान की।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम अजयमेरू प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र गुंजल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए

मासिक साहित्यिक गोष्ठी आयोजित की गई।

साहित्य धारा की पृष्ठ भूमि एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि एवं गीतकार नवल किशोर भाभड़ा ने अपनी रचना कुछ तेरे कुछ मेरे दुख दर्दों के घेरे हर आंगन के सुने नभ पर बादल घिरे घनेरे सुनाकर समा बांधा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर से आए वरिष्ठ ग़ज़लकार गोपाल गर्ग ने अपनी गजलें जब किनारे में सिमटने के लिए तैयार पानी और न समझे दर्द पाने का न खोने का मजा समझा सुनाकर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

युवक की अकाल मौत

उदयपुर,(कासं)। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में युवक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को पानेरियों की मादड़ी निवासी भंवरलाल (35) बाबूलाल वसीटा की अकाल मौत हो गई। एसआई विरमसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। भंवरलाल लौण्ड्री का काम करता था।

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र के शिक्षण दस्तावेजों में भूलवंश व संवहन के कारण विजय सिंह नाम दर्ज करवा दिया, जो की अधूरा व गलत है। यह वर्तमान में राजकीय लूणकरण बाहेती स्कूल राजारेड्डी मदनगंज किशनगढ़ में कक्षा 8वी पास कर चुका है। आधार कार्ड आदि दस्तावेजो में उसका नाम विजय सिंह रावत है, जो की सही व पूर्ण नाम है। मेरे पुत्र को विजय सिंह रावत के नाम से जाना व पहचाना जाये।

-प्रार्थी महावीर सिंह पुत्र पूना सिंह गांव आकरोल तहसील मसूदा

झूठा देशद्रोह का मुकदमा वापस लेने की मांग

बिजयनगर, (निसं)। ट्रस्ट श्री गुरु सिंह सभा कमेटी बिजयनगर के तत्वाधान में सोमवार कोतहसीलदार शिल्पा चौधरी के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया।

प्रेषित ज्ञापन में बताया कि भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है देश के संविधान में सभी धर्मो को समान रूप से अधिकार दिये गये है व बिना भेदभाव के प्रत्येक नागरिक को बोलने एवं अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता प्रदान की गई है। किन्तु वर्तमान मे संविधान की रक्षा करने वालो को चुप कराने के लिए व आवाज को दबाने के लिए स.तेजेन्द्रपालसिंह टिम्मा मुख्य सेवादार गुरुद्वारा बाबा दीपसिंह शहीद श्री गंगानगर व अध्यक्ष धर्मप्रचारक एसजीपीसी.राजस्थान पर देशद्रोह जैसे गंभीर प्रकृति के झूठा मुकदमा पुलिस थाना श्री गंगानगर में दर्ज करवाया गया है जो की निन्दनीय है जिसका पूरे बिजयनगर व गुलाबपुरा की संगत के द्वारा रोष व्यक्त किया।

दरगाह में उमड़ रही जायरीन की भीड़

अजमेर, (कासं)। मोहर्रम की 8 तारीख सोमवार को ख्वाजा साहब की दरगाह शरीफ से बड़े ताजिए की सवारी निकाली गई। अंदरकोट में दी सोसायटी पंचायत अंदरकोटियान द्वारा शहीदाने करबला की शहादत की याद में मोहर्रम की 9 तारीख 16 जुलाई मंगलवार को छोटा हाईदौस तथा 17 जुलाई बुधवार को बड़ा हाईदौस खेला जाएगा और ताजिये सैराब किए जाएंगे। मोहर्रम के चलते दरगाह परिसर सहित परिधि क्षेत्र में जायरीन की भीड़ देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी व जवान सुरक्षा व्यवस्था में पूरी तरह मुस्तैद है।

मोहर्रम की आठ तारीख सोमवार को बड़े ताजिया शरीफ को दरगाह के निजाम गेट तक लाया गया, रात्रि 10 बजे ताजिया शरीफ की सवारी शुरू हुई जो लंगर खाना गली होते हुए रात्रि 12 बजे दरगाह के छतरी गेट पहुंचेगी, मुतवल्ली साहब की हवेली से जनाजा शरीफ की सवारी शुरू होकर सुबह 7 बजे छतरी गेट पहुंची।

- **दरगाह शरीफ से निकली बड़े ताजिए की सवारी, छोटा हाईदौस आज**

मोहर्रम की नौ तारीख 16 जुलाई मंगलवार को अंदरकोट हताई पर छोटा हाईदौस खेला जाएगा तथा दस तारीख 17 जुलाई बुधवार को बड़ा हाईदौस की रस्म के बीच डोले शरीफ की सवारी निकाली जाएगी। हाईदोस के साथ ही डोला शरीफ को अंदर कोट स्थित तालाब तक ले जाया जाता है।

बुधवार को बड़े ताजिए की सवारी निकाली जाएगी, सवारी मुख्य इमाम बारगाह से शुरू होगी जो डोलियान चौक, छतरी गेट, लंगरखाना गली होते हुए तडके सुबह चार बजे दरगाह के मुख्य द्वार पहुंचेगी, जहां से कमानी गेट, सोलहखंबा होते हुए दरगाह परिसर स्थित झालरे में ताजिए सैराब कर दिया जाएगा।

जिला पत्रकार संघ के किशन नटराज निर्विरोध अध्यक्ष

ब्यावर, (निसं) जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष पद हेतु पिछले काफी समय से बैठके आयोजित करते हुए प्रयास किये जा रहे थे। इस हेतु निर्वाचन अधिकारी प्रेमदत्त मिश्रा ने सुचना जारी कर नामांकन हेतु नाम मांगे थे।

गौरतलब है की अंतिम दिनाक और समय तक भी अन्य किसी द्वारा नामांकन पत्र नहीं भरा गया था। रविवार की दोपहर ही सभी परिस्थितियों को मद्देनज़र रखते हुए निर्वाचन अधिकारी मिश्रा ने किशन नटराज का नाम अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध रूप से घोषित किया। समाचार मिलते ही संघ से जुड़े सभी पत्रकारों ने उन्हें साफा और माला पहनाते हुए बधाई दी और मिठाई खिलाई। नव निर्वाचित अध्यक्ष किशन नटराज ने बताया की अतिशीघ्र पदाधिकारिओं और कार्यकारिणी की घोषणा की जायेगी और पत्रकारों के हित में किसी भी प्रकार के कार्य हेतु सदैव तत्तपर रहूंगा।

प्रतिनिधियों ने दरगाह संपर्क सड़क पर किया पौधारोपण

अजमेर, (कासं)। जनसेवा समिति व सर्वधर्म समिति की महिला विंग की शहनाज खान ने ताराशाह नगर हुसैनी मोहल्ला विकास समिति दरगाह सम्पर्क सडक् पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधन किसी भी प्रकार से जातिगत और कौम का भेदभावं नहीं करते है।

जन सेवा समिति के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि कार्यक्रम में बौद्धधर्म के गुणवन्त राहुल छाबडा, जन सेवा समिति के अशोक बुन्देल, तारागढ़ इंतजामिया कमेटी के सदर हारून खान, छोटू सिंह, अजमेर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के राजेन्द्र कुमार मूरजानी, वरिष्ठ पत्रकार नवाब हिदायतुल्ला, मोहसिन खान रंगरेज, थानेदार आरिफ, दिनेश, यासीन खान सिलावट आदि की दस्तारबन्दी कर हाजी सदरुद्दीन कुरेशी और आल इंडिया कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष बदरुद्दीन कुरैशी ने अभिनन्दन किया गया।

- **विभिन्न प्रकार के 11 पेड़ सर्वधर्म समिति के पदाधिकारियों द्वारा रोंपे गए है, जिनकी देखरेख एवं ट्रीगार्ड लगवाने की जिम्मेदारी ताराशाह नगर हुसैनी मोहल्ला विकास समिति के पदाधिकारियों ने ली**

कार्यक्रम के संयोजक बदरुददीन कुरैशी ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के 11 पेड़ सर्वधर्म समिति के पदाधिकारियों द्वारा रोंपे गए है, जिनकी देखरेख एवं ट्रीगार्ड लगवाने की जिम्मेदारी ताराशाह नगर हुसैनी मोहल्ला विकास समिति के पदाधिकारियों ने ली है। इस अवसर पर ताराशाह नगर विकास समिति के अध्यक्ष सैय्यद आफताब ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्राधिकरण की खनिज नगर योजना अजमेर के आवासीय भूखण्ड संख्या 02 क्षेत्रफल 260.66 वर्गगज एवं प्राधिकरण की श्रीया मार्केट, स्टेशन रोड, अजमेर योजना के दुकान संख्या 1369, क्षेत्रफल 12.12 वर्गमीटर के आवंटी / अन्तरिति (1) श्रीमती रुकमणी देवी पत्नि जगदीश प्रसाद गौतम निवासी अजमेर एवं (2) श्री जगदीश प्रसाद गौतम (वसीयतनामें के आधार पर) पुत्र श्री मामचंद गौतम निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक (1) 06/05/2023 (2) 27/02/2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व वसीयतनामें (पंजीकृत दिनांक 07/06/2022) सलंग्न कर मृतका द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री सुनील गौतम पुत्र स्व. श्री जगदीश प्रसा द गौतम निवासी अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें । उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत ईटावालाखा पंचायत समिति मकराना

क्रमांक-ग्राप/निविदा/2024-25/14 दिनांक-11.07.2024

ई निविदा सूचना संख्या-01/2024-25

ग्राम पंचायत ईटावालाखा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से ई-निविदाएं दिनांक 22.07.2024 को सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबपोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in व http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB No.- ZNR2425A0177UBN No.-ZNR2425GLOB00223

सरपंच ग्राम पंचायत ईटावालाखा पं.स. मकराना (डीडवाना-कुचामन) | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत ईटावालाखा पं.स. मकराना (डीडवाना-कुचामन)

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ जिला-अजमेर (राज.)

क्रमांक - न.प.कि/PWC/2024/272 **आम सूचना** दिनांक : 15.7.2024

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 913/2 पर अहिंसा विहार, भूखंड सं. 23 क्षेत्रफल 183.33 वर्गगज पर केशव अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल पुत्र श्री विष्णु प्रसाद अग्रवाल ने आवेदन प्रस्तुत कर भवन निर्माण स्वीकृति चाही गई है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : 30 फीट का रास्ता पश्चिम में : अन्य भूमि

उत्तर में : भूखंड सं. 24 दक्षिण में : भूखंड सं. 22

अतः उक्त भवन निर्माण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / एतराज हो तो आपति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

आयुक्त नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ जिला-अजमेर (राज.)

क्रमांक - न.प. कि / कृ.भूमि / 2024/302 **आम सूचना** दिनांक : 09/07/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 1385 / 1 पर स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 16 क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज मे से उत्तर दिशा की तरफ विखण्डित भूखण्ड क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज) पर श्रीमती कमला देवी पत्नि श्री अनिल कुमार सोनी ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : 30 फीट चौड़ा रास्ता पश्चिम में : भूखण्ड संख्या 11 पर निर्मित मकान

उत्तर में : भूखण्ड संख्या 17 पर निर्मित मकान दक्षिण में : भूखण्ड संख्या 16 का शेष भाग

अतः उक्त उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / एतराज हो तो आपति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का नागौर दौरा

नागौर, (निसं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को एक दिवसीय नागौर दौरे पर रहे।पिछले विधानसभा चुनाव में खींवसर विधानसभा सीट पर आरएलपी ने मामूली अंतर से जीत हासिल की थी लेकिन आने वाले दिनों में हो रहे उपचुनाव में खींवसर में भाजपा का कमल खिलेगा ,ये दावा किया है भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्य समिति की बैठक ली। उन्होंने संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जिले भर के भाजपा पदाधिकारीयो और कार्यकर्ताओं से चर्चा की। आने वाले दिनों में कारगिल विजय दिवस, गुरु पूर्णिमा, मन की बात जैसे आयोजनों को लेकर भी बैठक में बात की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जयपुर में भाजपा के प्रदेश कार्य समिति की बैठक आयोजित हुई थी और उसके बाद अब जिला स्तरीय बैठके प्रदेशभर में आयोजित की जा रही है और संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ प्रदेश सरकार ने जो भी फैसले लिए और जो जन कल्याण कारी योजनाएं हैं उन्हें जनता तक पहुंचने में भाजपा संगठन भी पूरी भागीदारी निभाएगा। बैठक में किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी. जिलाअध्यक्ष रामनिवास सांखला नागौर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर जिला महामंत्री रमेश खीवसर से भाजपा प्रत्याशी आदि उपस्थित रहे।

सर्व समाज के आठ जोड़े बंधे विवाह बंधन में

अजयमेरु महानगर में 5वां सर्वजातीय विवाह सम्मेलन आयोजित किया

अजमेर, (कासं)। सेवाभारती संस्था अजमेर समिति के तत्वावधान में अजयमेरु महानगर में सोमवार को 5वां सर्वजातीय विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। विजय लक्ष्मी पार्क में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 8 जोड़े सर्वसमाज के हम सफर बने।

श्रीराम जानकी सर्वजातीय विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष सुनील दत्त जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज के व्याप्त दहेज सहित सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए ही सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संस्था द्वारा देश भर में अब 25 से अधिक सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर कई जोड़ों को विवाह बंधन में बांधने का कार्य किया है।

जैन ने बताया कि समिति की ओर से सोमवार को 5वां श्रीराम जानकी सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे बारात निकासी हुई, 11 बजे तोरण, 11:30 बजे संतों का आशीर्वाद, दोपहर 12:15 बजे वरमाला के साथ दोपहर 1 बजे पाणिग्रहण संस्कार हुआ। समिति की ओर से नव वर-वधु को वैवाहिक घरेलू सामान प्रदान किया गया। इस अवसर पर वर-वधु सहित संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं सर्वजातीय विवाह सम्मेलन को लेकर वर-वधु सहित परिजन ने कार्यों की सरहाना करते हुए कहा कि इस तरह से आयोजन से परिवार पर आर्थिक भार नहीं पड़ता है। सामूहिक विवाह सम्मेलन से समाज को एक नई दिशा मिलती है।

25 से अधिक सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया।

गर्मी से मिली राहत

डूंगरपुर, (निसं। शहर सहित गांवों में सोमवार को सुबह से तेज गर्मी और उमस का असर रहा। इससे लोग बेहाल रहे, लेकिन दोपहर ढाई बजे बाद मौसम का मिजाज बदला। आसमान में बादल मंडराने लगे और बरसात का दौर शुरू हो गया। शहर सहित कई जगहों से बारिश से लोगों को दिनभर की गर्मी और उमस से राहत मिली।

सोमवार को सुबह से आसमान खुला रहा। सुबह होने के साथ ही आसमान से सूरज की तेज किरणें निकल आई। दिन बढने के साथ ही गर्मी और उमस का असर बढ गया। दोपहर 12 बजे बाद तापमान 32 डिग्री पहुंच गया। उमस की वजह से लोग पसीने से तरबतर हो गए। वहीं, गर्मी के बाद दोपहर ढाई बजे बाद अचानक मौसम बदलने लगा। आसमान में बादल मंडराने लगे। हल्की हवाएं चलने चली। शाम 3 बजे बाद बादलों की गर्जना के साथ पहले फुहारों और फिर हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश से सडकों पर पानी बहने लगा। वहीं, बरसात की वजह से दिनभर की गर्मी और उमस से भी लोगों को राहत मिली। करीब 15 मिनट तक बारिश का दौर चलने के बाद रिमझिम चलती रही। हालांकि, मानसून शुरू हुए एक महीने का समय गुजरने को है,लेकिन डूंगरपुर में अब तक अच्छी बरसात नहीं हुई है। लोग बारिश की कामना को लेकर कई तरह के जतन कर रहे है ताकि अच्छी बरसात से खेत, तालाब और बांध भर गए।

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)

सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना 2024-25

सीसीआरटी विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों जैसेकि संगीत, नृत्य, नाटक, चित्रकला, मूर्तिकला, शिल्पकला और साहित्यिक कला के परंपरागत रूपों में ऐसे दुर्लभ कला रूपों पर विशेष जोर देते हुए जो विलुप्त होने के कगार पर है, विशिष्ट प्रशिक्षण दिलाने के लिए या तो मान्यताप्राप्त स्कूलों में पढ़ाई कर रहे अथवा परंपरागत प्रदर्शन कलाओं से जुड़े परिवारों के 10 से 14 वर्ष के आयु वर्ग में (अंतिम पात्रता तिथियों के अनुसार) चयनित उत्कृष्ट प्रतिभासंपन्न बच्चों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना लागू करता है। इस योजना के अंतर्गत प्रदान की गई छात्रवृत्ति एक बार में दो वर्ष के लिए होती है जो शिक्षा की प्रथम विश्वविद्यालय डिग्री चरण या 20 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, छात्रवृत्तिधारक के संतोषजनक प्रगति बनाए रखने की शर्त के साथ प्रत्येक दो वर्ष के बाद नवीकरणीय होती है। नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार प्रत्येक वर्ष 650 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है:

सामान्य श्रेणी और अन्य के लिए छात्रवृत्तियां 375	पंरपरागत कलाकार परिवारों के लिए 125 छात्रवृत्तियां
जनजातीय संस्कृति / अनुसूचित जनजाति के लिए 100 छात्रवृत्तियां	अलग रूप से सक्षम (दिव्यांग) बच्चों के लिए 20 छात्रवृत्तियां
सृजनात्मक लेखन/साहित्यिक कलाओं के लिए 30 छात्रवृत्तियां	

छात्रवृत्ति का मूल्य रुपए 3600/- (रुपए तीन हजार छह सौ मात्र) प्रति वर्ष है और विशिष्ट प्रशिक्षण के लिए रुपए 9000/- (रुपए नौ हजार मात्र) प्रति वर्ष तक वास्तविक शिक्षण शुल्क का भी भुगतान किया जाता है। जिन बच्चों की जन्म तिथि 01-07-2010 और 30-06-2014 (दोनों तिथियां शामिल है) के बीच है वे वर्ष 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के पात्र है। आवेदन-पत्र और अन्य ब्यौरे सीसीआरटी की वेबसाइट-www.ccrtindia.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते है या निम्नलिखित में से किसी भी पते से स्वयं / डाक द्वारा निशुल्क प्राप्त किए जा सकते है:

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, 15 ए, सैक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली - 110075 दूरभाष - 011-25088638 ई-मेल- ddsch.ccrt@nic.in वेबसाइट- www.ccrtindia.gov.in	सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, हवाला खुर्द, बडगाँव, उदयपुर, राजस्थान-313001 दूरभाष - 0294-2430764, टैलीफैक्स - 0294-2430771, ई-मेल -rcud.ccrt@nic.in
सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, 1-118/सीसीआरटी, सर्वे नं. 64, समीप गूगल ऑफिस, माधापुर, हैदराबाद - 500 084, दूरभाष - 040-23117050एवं 23111910 ई-मेल -rchyd.ccrt@nic.in	सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, 58, जूरीपार, पंजाबाडी रोड, गुवाहाटी 781037, असम दूरभाष - 0361-2330152, टैलीफैक्स - 0361-2335316, ई-मेल-rcgwt.ccrt@nic.in

सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, पुरानी कलेक्ट्रेट बिल्डिंग, दमोह, मध्य प्रदेश-470661 दूरभाष - 07812-299187 ई-मेल - rcdamoh-ccrt@gov.in

संगत दस्तावेजों के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र शनिवार, 31 अगस्त 2024 को या इससे पहले सीसीआरटी, नई दिल्ली-110075 में पहुँच जाना चाहिए। डाक में किसी भी विलंब के लिए सीसीआरटी जिम्मेदार नहीं होगा और अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

CBC 09127/12/0004/2425